**दिनांक 02.09.2025 को माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार की अध्यक्षता में संपन्न वेजफेड की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :-**

**उपस्थिति:-**

1. श्री प्रभात कुमार, प्रबंध निदेशक, वेजफेड |
2. श्री सफदर रहमान, राज्य प्रबंधक, (HR & Adm) |
3. श्री राकेश शर्मा, राज्य प्रबंधक, (पणन)|
4. श्री अमित शुक्ला, अध्यक्ष, तिरहुत सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन संघ |
5. श्री पप्पू कुमार सिंह, अध्यक्ष, मगध सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन संघ, गया |
6. श्रीमती नीतू सिंह, अध्यक्ष, भागलपुर सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन संघ, भागलपुर |
7. श्री मणिशेखर, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हरित सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन संघ, पटना |
8. श्री सौरव कुमार, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, मगध सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन संघ, गया |
9. अभियंता, बिहार राज्य भंडार निगम, पटना |
10. प्रतिनिधि, पी० एम० यू० |

प्रबंध निदेशक, वेजफेड के द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत कर बैठक की कार्रवाई आरंभ की गयी |

**कार्यावली संख्या 01:- आधारभूत संरचना निर्माण की प्रगति की समीक्षा |**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 97 PVCS में संरचना निर्माण की स्वीकृत प्राप्त है तथा 12 PVCS का योजना प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु भेजा जा रहा है | 41 हरित सब्जी संघ, 40 तिरहुत सब्जी संघ एवं 16 मिथिला सब्जी संघ में निर्माण किया जाना है | जिसमे से 87 PVCS में निर्माण हेतु संघों को राशि हस्तांतरित कर दी गयी है | मंत्री महोदय द्वारा बताया गया की तीन पार्ट में एक साथ कार्य करावें | PVCS के कार्यालय का निर्माण, गोदाम एवं कोल्ड स्टोरेज का निर्माण तीनों अलग-अलग मिस्त्री से एक साथ कार्य कराया जाय ताकि निर्माण कार्य जल्द पूर्ण हो सके | |**सभी सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि जहाँ भूमि सम्बन्धी विवाद है उसका एक सप्ताह में समाधान करा लें अगर दुसरे जगह भूमि लेना हो तो नियमानुसार दुसरे जगह भूमि उपलब्धता के सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई की जाय | जहाँ भूमि विवाद है वहाँ छोड़कर शेष स्वीकृत PVCS में संघ द्वारा यथाशीघ्र राशि हस्तांतरित कर दी जाय | प्रतिदिन निर्माण कार्य का भौतिक रूप से निरीक्षण कर प्रतिवेदन वेजफेड को उपलब्ध करावें तथा बिहार राज्य भंडार निगम के अभियंता से शेष PVCS में ले-आउट का कार्य कराया जाय | भंडार निगम के अभियन्ता से मापी पुस्तिका में प्रविष्टी करने हेतु आदेश देने के लिए सचिव महोदय से परामर्श कर लिया जाय |**

**कार्यावली संख्या 02:- प्याज भण्डारण योजना की समीक्षा |**

प्याज भण्डारण योजना अंतर्गत 68 PVCS चयनित है जिसमे 43 PVCS का भूमि लीज प्रस्ताव प्राप्त है जिसके आलोक में 41 PVCS में राशि हस्तांतरित कर दी गयी है। सभी सम्बंधित मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया है कि जिन PVCS को राशि हस्तांतरित की गयी है वहाँ ससमय निर्माण कार्य पूर्ण करावें तथा शेष PVCS से भूमि लीज प्रस्ताव वेजफेड को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि उन्हे राशि हस्तांतरण की कारवाई की जा सके | **सभी चिन्हित स्थलों का नियमित रूप से भौतिक निरीक्षण करते हुए कार्यों में प्रगति लाना**

Sam

सुनिश्चित करें | सभी सम्बंधित संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सक्रिय होकर व्यक्तिगत रूप से अभिरुचि लेते हुए कार्य करावें |

**कार्यावली संख्या 03:-Dehydration Plant की स्थापना |**

इस सम्बन्ध में चर्चा करते हुए मंत्री महोदय द्वारा बताया गया कि छोटे वाले प्लांट तीन संघों को तथा बड़ा प्लांट किसी एक संघ को दिया जायेगा इस हेतु संघों का चयन कर लिया जाय | इस प्लांट की स्थापना हेतु क्रियान्वयन एजेंसी बिहार राज्य भंडार निगम होगी | बेंगलुरु में किये गए भ्रमण/अध्ययन से सम्बंधित प्रतिवेदन तिरहुत सब्जी संघ के अध्यक्ष तैयार करें तथा सचिव महोदय से परामर्श कर आवश्यक कार्रवाई की जाय |

**कार्यावली संख्या 04:- पॉली हाउस/नेट हाउस की स्थापना ।**

समीक्षा के क्रम में बताया गया कि इस हेतु उद्यान निदेशालय के मॉडल को अपनाया जाय तथा उसी के Guideline के अनुसार कार्य किया जाय | साथ ही पॉली हाउस, पैक हाउस, प्रोसेसिंग इकाई आदि के निर्माण हेतु लागत राशि में कितना अनुदान है इसका अध्ययन PMU द्वारा किया जाय |

**कार्यावली संख्या 05 :- पैक हाउस का निर्माण ।**

इस सम्बन्ध में बताया गया कि अब तक 5 सब्जी संघों का गठन किया जा चूका है | इन पाँचो सब्जी संघ में पैक हाउस का निर्माण कराया जाय | भागलपुर सब्जी संघ के अध्यक्ष को निदेश दिया गया कि इस हेतु आवश्यक भूमि उपलब्ध करावें | भागलपुर संघ अंतर्गत जिलों के जिला पदाधिकारी को जमीन उपलब्धता हेतु पत्र देने तथा प्राक्कलन एवं डिजायन तैयार कराकर निविदा की प्रक्रिया शुरू करने का निदेश दिया गया |

**कार्यावली संख्या 06:-तरकारी आउटलेट निर्माण की समीक्षा |**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 200 PVCS में आउटलेट निर्माण की स्वीकृति प्राप्त है जिसमे से 78 तिरहुत सब्जी संघ, 77 हरित सब्जी संघ तथा 45 मिथिला सब्जी संघ में निर्माण किया जाना है | परन्तु अभी तक तिरहुत सब्जी संघ से 14, मिथिला सब्जी संघ से 6 एवं हरित सब्जी संघ से 02 एवं मगध सब्जी संघ से 5 PVCS से ही भूमि लीज का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है तथा तिरहुत एवं मिथिला संघ के क्रमशः 13 एवं 5 PVCS में राशि भी हस्तांतरित कर दी गयी है परन्तु अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है इस सम्बन्ध में मंत्री महोदय द्वारा खेद प्रकट किया गया | सभी सम्बंधित संघों के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जहाँ राशि हस्तांतरित कर दी गयी है वहाँ 15 दिनों के अन्दर ले-आउट इत्यादि निर्माण कार्य बिहार राज्य भंडार निगम के अभियंता से करावें तथा शेष चयनित सभी PVCS से प्रस्ताव के साथ सभी आवश्यक कागजात एक सप्ताह में वेजफेड को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें | **सभी चिन्हित स्थलों का नियमित रूप से भौतिक निरीक्षण करते हुए कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करें | सभी सम्बंधित संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सक्रिय होकर व्यक्तिगत रूप से अभिरुचि लेते हुए कार्य करावें अन्यथा योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं होने से बाध्य होकर राशि वापस कर ली जाएगी तथा शेष कार्य हेतु बिहार राज्य भंडार निगम को कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नामित कर दिया जायेगा जिसकी सारी जवाबदेही सम्बंधित संघ एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की होगी |**

Sam

हरित सब्जी संघ द्वारा विपार्ड में संचालित आउटलेट को मगध सब्जी संघ को हस्तांतरित करने हेतु विपार्ड एवं हरित सब्जी संघ को पत्र दिया जाय |

**कार्यावली संख्या 07:- PVCS में कार्यालय स्थापना की समीक्षा |**

समीक्षा के क्रम में निदेश दिया गया कि जिन PVCS में कार्यालय स्थापना हेतु 98,800/- रुपये की राशि उपलब्ध करायी गयी है वहां एक सप्ताह में कार्यालय, बोर्ड/बैनर लगवाया जाय जिस पर माननीय मुख्य मंत्री, बिहार सरकार का फोटो हो | साथ ही सभी निर्माणाधीन योजनाओं के पास लोहे का बोर्ड लगवाया जाय जिस पर योजना की विस्तृत जानकारी हो ताकि आम लोगों के बीच योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी हो सके | PMU द्वारा बोर्ड/बैनर का डिजायन तैयार किया जाय | **संघ द्वारा उक्त कार्य को यदि एक सप्ताह में नहीं कराया जाता है तो यह माना जायेगा कि संघ द्वारा सरकार का आदेश नहीं माना जा रहा है तथा समिति को अवक्रमित कर प्रशासक की नियुक्ति कर दी जाएगी | सभी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सक्रिय होकर कार्य करावें नहीं तो सारी जवाबदेही सम्बंधित संघ एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की होगी |**

**कार्यावली संख्या 08:- मानव संसाधन(HR) एजेंसी की नियुक्ति की प्रगति की समीक्षा |**

समीक्षा के क्रम पाया गया की इस योजना की अद्यतन स्थिति निम्न है :-

| क्र.सं. | HR Agency का नाम | कार्य आदेश दिये गये पदों की संख्या | प्राप्त कुल HR की संख्या (उपलब्ध कराए गए Result के अनुसार) | लंबित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Isha Protectional security guard pvt ltd | 145 | 144 | 1 |
| 2 | Shiva Protection force pvt ltd | 146 | 71 | 75 |
| 3 | Nischay India | 146 | 70 | 76 |
| कुल | | **437** | **285** | **152** |

इस सम्बन्ध में निदेश दिया गया कि पूर्व से गठित संघों एवं शेष गठन हेतु प्रक्रियाधीन संघों को सम्मिलित कर कुल 09 संघों एवं उनसे सम्बद्ध PVCS के लिए मानव बल उपलब्धता हेतु योजना प्रस्ताव तैयार किया जाय |

**कार्यावली संख्या 09:- अन्यान्य |**

(i) मंत्री महोदय द्वारा बताया गया कि पकरी बरवा PVCS के जैसा सभी PVCS व्यवसाय का कार्य करें | पकरी बरवा PVCS द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है | हरित सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उनके संघ अंतर्गत 80-85 PVCS में सब्जी व्यवसाय का कार्य किया जा रहा है | निदेश दिया गया कि सभी PVCS प्रतिदिन कम से कम पाँच हजार रुपये का व्यवसाय का लक्ष्य रखें | संघ द्वारा सभी PVCS को 10 हजार का कैश क्रेडिट दिलवाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई की जाय | कितने

Sanjay

(51)

PVCS द्वारा सब्जी खरीद-बिक्री का व्यवसाय किया जा रहा है सभी संघ इससे सम्बंधित प्रतिवेदन उपलब्ध करना सुनिश्चित करें |

(ii) योजना के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया के चयन हेतु निविदा किया जाय |

(iii) नवगठित भागलपुर सब्जी संघ में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति कराने, इस संघ से सम्बद्ध PVCS के लिए भी कार्यालय व्यवस्था हेतु 98,800/-रूपये की राशि एवं 750 MT के कोल्ड स्टोरेज की योजना देने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय |

(iv) संघों को व्यवसाय हेतु कार्यशील पूंजी देने के सम्बन्ध में बताया गया कि इस हेतु धान एवं गेंहू की अधिप्राप्ति की तर्ज पर राशि उपलब्ध कराने हेतु सचिव महोदय से विचार-विमर्श किया जाय |

(v) प्लास्टिक कैरेट योजना हेतु PMU को SOP तैयार करने तथा संघों को कैरेट क्रय हेतु शीघ्र निविदा आमंत्रित करने का निदेश दिया गया |

(vi) दिल्ली में होने वाले क्रेता-विक्रेता सम्मलेन का आयोजन 26 सितम्बर को कराने का निदेश दिया गया | साथ ही यह भी बताया गया कि वहाँ पाँचों संघों का बैनर लगवाया जाय | मखाना एवं शहद से सम्बंधित समितियों का भी वहां स्टॉल लगे इस हेतु उद्योग मंत्रालय को पत्र दिया जाय |

(vii) कार्यालय के किराया के सम्बन्ध में निदेश दिया गया कि सभी संघ सम्बंधित अनुमंडलाधिकारी से किराया दर से सम्बंधित प्रतिवेदन प्राप्त कर उपलब्ध करावें तत्पश्चात इस हेतु एक योजना तैयार की जाय |

(viii ) मगध सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि संघ में एक ही वाहन है मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के लिए एक अलग से वाहन की आवश्यकता है | इस सम्बन्ध में मंत्री महोदय द्वारा सभी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के लिए एक वाहन की व्यवस्था कराने हेतु प्रावधान करने का निदेश दिया गया |

(ix) ERP में आ रही समस्या के सम्बन्ध में बताया गया कि ERP के डाटा का Security ऑडिट कराकर डाटा ट्रान्सफर कराया जाना है | राज्य प्रबंधक (IT) के योगदान के पश्चात् इस कार्य में तेजी आएगी | निदेश दिया गया कि इसका यथाशीघ्र समाधान किया जाय |

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई।

(प्रभात कुमार) 10.09.25
प्रबंध निदेशक
वेजफेड,पटना |

ज्ञापांक 756........./ दिनांक 10.09.2025

प्रतिलिपि:- 1.निबंधक,सहयोग समितियाँ, बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित |

2.सचिव, सहकारिता विभाग बिहार,पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित |

3.अध्यक्ष/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ,पटना / तिरहुत सब्जी संघ,मोतिहारी /मिथिला सब्जी संघ,दरभंगा /मगध सब्जी संघ, गया/ भागलपुर सब्जी संघ, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित |

4. अभियंता, बिहार राज्य भंडार निगम, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित |

5. प्रतिनिधि, पी० एम० यू० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित |

6.सभी उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित |

ज्ञापांक 756...../ दिनांक 10.09.2025

प्रतिलिपि:- 1. माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग,बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित |

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,पटना |